आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.12.2024 समय : 1905

<><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत पहली बार अगले वर्ष वर्ल्ड ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेट समिट– वेव्स की मेजबानी करेगा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ऐतिहासिक प्रथम ध्वजारोहण की स्मृति में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शहीद स्वराज फाउंडेशन द्वारा तेरहवीं शहीद स्वराज द्वीपसमूह नमन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।
- केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट–दो हजार पच्चीस–छब्बीस के मद्देनजर आज नई दिल्ली में बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।
- पुलिस विभाग की ओर से डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जन–परामर्श जारी किया गया है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत पहली बार अगले वर्ष वर्ल्ड ओडियो विजुअल इंटरटेनमेट समिट– वेव्स की मेजबानी करेगा। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की रचनात्मक प्रतिभा को विश्व के समक्ष रखने का यह महत्वपूर्ण अवसर होगा। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष भारतीय सिनेमा जगत की दिग्गज हस्तियों की जन्मशती का भी उल्लेख किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ऐतिहासिक प्रथम ध्वजारोहण की स्मृति में आज अंडमान क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब इस द्वीपसमूह पर पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता और एकता की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रशासन के अधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय सेवा के सदस्यों और आम जनता ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान प्रथम ध्वजारोहण के ऐतिहासिक महत्व और भारत की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों पर प्रकाश डाला। राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों की स्मृति में मौन रखा गया। ये दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम में द्वीपसमूह की स्थायी विरासत की याद दिलाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने दिसंबर उन्नीस सौ तैंतालीस में अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान द्वीपों को औपनिवेशिक शासन से आज़ादी पाने वाला पहला भारतीय क्षेत्र घोषित किया था और तिरंगा फहराया था। यह आयोजन हर वर्ष नागरिकों में देशभक्ति और सामूहिक गौरव की भावना को प्रेरित करता है तथा स्वतंत्रता और एकता के मूल्यों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करता है, जो भारत को एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित करते हैं।

<><><><><><>

शहीद स्वराज फाउंडेशन द्वारा तेरहवीं शहीद स्वराज द्वीपसमूह नमन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा जागरण मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में यह यात्रा तीस दिसंबर उन्नीस सौ तैंतालीस को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारत की भूमि पर पहली बार तिरंगा फहराने की ऐतिहासिक याद में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग साठ देशभक्तों सहित स्थानीय द्वीपवासी भी भाग ले रहे हैं। यात्रा की शुरुआत श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन से हुई, जहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा, देशभक्ति और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर केंद्रित एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में राष्ट्र की विरासत को संरक्षित करने में एकता और सामूहिक कार्रवाई के महत्व को दर्शाया गया। आज अंडमान क्लब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारत के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति, बलिदान और एकता के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। इंद्रेश कुमार ने अपने संबोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बलिदान के महत्व और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में तीस दिसंबर के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। इस दिन उन्नीस सौ तैंतालीस में, नेताजी ने श्री विजय पुरम में जिमखाना मैदान, जिसे अब नेताजी स्टेडियम के रूप में जाना जाता है, में पहली बार तिरंगा फहराया था। इस अधिनियम ने द्वीपसमूह को औपनिवेशिक शासन से मुक्त होने वाला पहला भारतीय क्षेत्र घोषित किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में, नेताजी ने न

केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराया, बल्कि आज़ादी के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक घटना ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री कुमार ने नेताजी की विरासत को संरक्षित करने और भारत की स्वतंत्रता को आकार देने वाले बलिदानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शहीद स्वराज फाउंडेशन, अंडमान निकोबार चैप्टर के अध्यक्ष गिरीश अरोड़ा ने कहा कि शहीद स्वराज फाउंडेशन राष्ट्रीय जागरूकता को बढ़ावा देने और नेताजी सुभाष चंद्र बोस और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को श्रद्धांजलि देती है, जिनके बलिदान ने देश की स्वतंत्रता को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><>

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट–दो हजार पच्चीस–छब्बीस के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केन्द्रीय बजट पहली फरवरी दो हजार पच्चीस को संसद में पेश किये जाने की आशा है। यह वित्तमंत्री सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर अट्ठावन मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यान की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया को दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी60 और दोनों उपग्रह – एसडीएक्स–01 और एसडीएक्स–02 को चार सौ छियहत्तर किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। स्पेडेक्स स्पेस डॉकिंग प्रयोग की सफलता के बाद भारत एक ऐसा चौथा देश बन जाएगा, जिसको एक क्षमता होगी कि वह उपग्रह को निर्धारित कक्षा में पहुंचाकर उसे स्थिर रख सके। भविष्य में भारत चंद्रमा या अन्य ग्रह को गगन यान पहुंचाने के लिए यह टेक्नोलॉजी मददगार होगी। भारतीय अंतरिक्ष केंद्र बनने के बाद गगन यान उपग्रह द्वारा यहां ठहर पाने के लिए टेक्नोलॉजी आवश्यक होगी। अपने आवश्यकता के अनुसार उपग्रह को अंतरिक्ष में रोके रखना और दो उपग्रहों के बीच समन्वय रखना इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है।

<><><><><><>

पुलिस विभाग की ओर से डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जन–परामर्श जारी किया गया है। डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला एक साइबर अपराध है, जिसमें अपराधी कॉल, ई–मेल या मैसेज के जरिए डराने का प्रयास करते हैं। वे दावा भी करते हैं कि पीड़ित व्यक्ति पर कानूनी मामला दर्ज है और उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ है और जुर्माना भरने या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए दबाव डालते हैं। पुलिस ने ऐसे कॉल या मैसेज पर भरोसा न करने, कॉल की सत्यता जांचने के लिए संबंधित सरकारी विभाग से संपर्क करने, किसी भी अंजान खाते में पैसे का लेन–देन न करने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करने को कहा है। किसी भी साइबर अपराध की जानकारी की रिपोर्ट करने के लिए हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या साइबर क्राइम डॉट जी ओ वी डॉट इन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्रह दशमलव आठ मिलीमीटर, ननकौड़ी में चौदह दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में छः दशमलव आठ, निकोबार में चार और श्री विजयपुरम में तीन दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>